तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **भंवरलाल मालवीय बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अपील संख्या 51/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.02.23	अपीलार्थी भंवरलाल मालवीय पुत्र नरसिंह मालवीय निवासी 109, प्रथम बी रोड़, सरादारपुरा, कुम्हारों के मंदिर के पास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 28.11.2022 में उसके द्वारा ग्राम तनावड़ा के खसरा न. 119 एवं खाता संख्या 46 पुराना खाता संख्या 442 में स्व. नेर सिंह मालवीय के विधिक वारिसानों का नाम राजस्व रेकॅार्ड (जमाबन्दी) में किस आधार पर दर्ज किए गए, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर **जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)**	